कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री चेतराम पुत्र श्री रामेश्वर दयाल शर्मा, ग्राम पोस्ट करनावर तहसील बसवा जिला दौसा (राज0)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर), दौसा

अपील सं0 02 / 2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 23.01.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को दिनांक 30.11.2017 को सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा द्वारा उनके पत्रांक आर0टी0आई0 / 2018 / 58 दिनांक 19.01.2018 द्वारा अवगत कराया कि प्रार्थी श्री चेतराम शर्मा द्वारा दिनांक 30.11.2017 को प्रस्तुत प्रा0 पत्र प्रभारी अधिकारी, सतर्कता कलक्ट्रेट, दौसा को उनके पत्रांक 1826–1828 दिनांक 08.12.2017 को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु धारा 20 (1) में स्थानांतरित किया गया। जिसके संदर्भ में प्रभारी अधिकारी, सतर्कता, कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा उनके पत्रांक 5197 दिनांक 15.12.2017 को सूचना उपलब्ध करवाई गई। इस पर प्रार्थी द्वारा सूचना सही नहीं देने बाबत पुनः प्रा0 पत्र प्रस्तुत किया गया। पुनः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में पत्र क्रमांकः 52 दिनांक 12.01.2018 द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध दिया जाना व बिंदु संख्या 4,5,6 की सूचना उनके कार्यालय से संबंधित नहीं होने के कारण सचिव ग्राम पंचायत करनावर तहसील बसवा से सूचना प्राप्त करने हेतु लिखा जाना अंकित किया जाकर लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपने पत्र में वॉछित सूचना उपलब्ध करवाया जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया है। पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा